
# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय,
## घुमका, जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

web site- www.rablcollege.com  Email : govt.collegeghumka@gmail.com  Phone – 07744-288915


दिनांक– 16/08/2021

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## "15 अगस्त स्वंतत्रता दिवस समारोह"





शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय, घुमका में 75वीं स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.बी.के. देवागंन ने ध्वजारोहण किया। महाविद्यालय सभागृह में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस कढ़ी में सर्वप्रथम अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. रोहन प्रसाद ने स्वंतत्रता दिवस की शुभकामनाओं के साथ हमारी परम्परा तथा संस्कृति की गौरवशाली इतिहास को बताया तथा सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक क्षेत्रों में भारत के निरंतर विकास को अग्रणीय बताया। महाविद्यालय के कार्यलयीन स्टाफ सहायक ग्रेड–02 श्री दुर्गा प्रसाद चौधरी जी ने भारत की विकास की परम्परा और निरंतर को उदभूत किया। डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी जी ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी देश को विकास के दो पहलू है। सकारात्मक और नकारात्मक, हमें नकारात्मक पहलुओं को क्षुण्ण करते हुए देश की प्रगति में भागीदारी प्रदान करनी है। हमें तुष्टीकारण की राजनीति से दूर रहना है। डॉ.एस.एन. कामडी सहा. प्राध्यापक (जन्तुविज्ञान) ने अमृत महोत्सव के बारे में विस्तार से बताया तथा स्वतंत्रता के इतिहास को सारगर्भित रूप से व्यक्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.बी.के. देवागंन सहा. प्राध्यपक (समाजशास्त्र) ने हमारे भारत वर्ष में गौरवशाली इतिहास को बताते हुए हमें शिक्षा के क्षेत्र में समाज को निरंतर आगे बढाना है यही हमारा दायित्व है। समरोह की इस कढ़ी में आभार व्यक्त प्रो. श्रीमती प्रीति खुरसैल ने किया तथा सब को अपने कर्तव्यबोध का ज्ञान तथा महिला सशक्तिकरण में निरंतर प्रयासरत रहने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन डॉ.के.डी. देशलहरा (विभागाध्यक्ष हिन्दी) ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफगण उपस्थित रहें।

प्राचार्य
शास. रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, राजनांदगाँव (छ.ग.)


प्राचार्य
शास. रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय
घुमका, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका,
जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)
web site- www.rablcollege.com Email : govt.collegeghumka@gmail.com Phone – 07744-288915

प्रेस विज्ञप्ति

# " अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का आयोजन "

दिनांक 15.10.2021



घुमका :– शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका, जिला – राजनांदगाँव (छ.ग.) में प्राचार्य डॉ. आई. आर. सोनवानी के निर्देशन में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विषय था "भारत में अल्पसंख्याकों की समस्याएं एवं समाधान" । निबंध प्रतियोगिता में 15 छात्र–छात्राओं तथा संगोष्ठी में 21 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया । निबंध प्रतियोगिता में गुलशन कुमार, बी.एस–सी.– 1 तथा कु. प्रीति साहू, बी. कॉम.– 3 ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार संगोष्ठी में कु. अंजली साहू, बी.एस–सी.– 1 प्रथम एवं कु. पीलेश्वरी साहू बी. ए. भाग–3 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्री देवानंद बंधे, अतिथि व्याख्याता–वनस्पतिशास्त्र तथा श्रीमती योगिता साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती प्रीति खुरसैल का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्राचार्य
शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

प्राचार्य
शास. रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय
घुमका, जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका,
जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)
web site- www.rablcollege.com Email : govt.collegeghumka@gmail.com Phone - 07744-288915

दिनांक 26.11.2021

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## "घुमका कॉलेज में संविधान दिवस पर कार्यक्रम सम्पन्न"





शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय, घुमका में डॉ. आई.आर. सोनवानी के मार्गदर्शन में 26 नवम्बर 2021 संविधान दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के छाया–चित्र पर पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. आई.आर. सोनवानी ने छात्र–छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया। प्राचार्य डॉ. आई.आर. सोनवानी ने बताया की संविधान आसमान से अचानक प्राप्त नही हुआ, इस संविधान को बनाने में 389 सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संविधान को बनाने में प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. साहब भीमराव अंबेडकर की भूमिका व उनके जन्म से लेकर संविधान निर्माण तक का अपने अधिकारों कतव्यों को जानने के लिए प्रेरित किये।

तत्पश्चात प्राध्यापक डॉ. बी.के. देवगांन समस्त छात्र–छात्राओं को संविधान दिवस की बधाई देते हुए संविधान के प्रति दृढ़ संकल्प होने को कहा। प्रो. एस.एन. कामड़ी ने कहा संविधान के प्रति सजगता और समर्पण जरूरी है। जिसके माध्यम से हम एक विकसित राष्ट्र की कल्पना कर सकते है। डॉ. के.डी. देशलहरा ने कहा कि आज का हमारा जनतांत्रिक भारत संविधान की देन एवं अधिकारों व कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। आज संविधान नही होता तो शोषक व सामंती तत्व हावी रहता। इसी कड़ी में अतिथि व्याख्याता श्री रितेश बंजारे ने संविधान बनने के पूर्व वर्ष 1909, 1919, 1935 की सवैधानिक कानून व्यवस्था के बारे में बताया। विश्व में जब द्वितीय विश्व युद्ध 1939, 1945

प्राचार्य
शास. रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय
घुमका जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 1945 विश्व स्तर पर शांति की स्थापना होने के बाद भारत को आजादी 1945 को प्राप्त हुआ और भारत में संविधान की आवश्यकता हुई तब जाकर 26 जनवरी 1950 को भारत में संविधान लागू हुआ।

अतिथि व्याख्याता श्रीमती योगिता ने जानकारी दी कि हमारे संविधान को बनाने में 02 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा। संविधान में 22 भाग 395 अनुच्छेद व 12 अनुसूचीयाँ है। संविधान को बनाने में 389 सदस्यों का योगदान व संविधान सभा की प्रारूप समिति में डॉ. भीमराव अंबेडकर का क्या महत्वपूर्ण योगदान रहा व 114 दिन की बहस होने के बाद 26 नवबंर 1949 को संविधान सभा में पारित किया गया व 24 जनवरी 1950 को अन्तिम अधिवेशन होने के पश्चात 26 जनवरी 1950 को भारत में लोकतंत्रात्मक गणराज्य के रूप में घोषित किया गया। जिस दिन संविधान लागू किया गया उसमें 284 सदस्यों ने संविधान पर हस्ताक्षर किये। वर्ष 2015 से देश में प्रतिवर्ष संविधान दिवस का कार्यक्रम मनाया जाना प्रारंभ हुआ। इसी कडी में महाविद्यालय के छात्र–छात्रा कु. रूची यदु बी.ए. तृतीय वर्ष, यज्ञ दत्त बी.ए. द्वितीय वर्ष, महेन्द्र बारले बी.ए. द्वितीय वर्ष संविधान के संबंध में विचार व्यक्त किये।

उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में अतिथि व्याख्यता श्री रितेश बंजारे, श्रीमती योगिता, श्री रविप्रकाश चतुर्वेदी, श्रीमती वर्षा साहू, कु. संध्या वर्मा व जनभागीदारी शिक्षक श्री विनोद वर्मा, श्री देवशरण वर्मा एवं श्री जयप्रकाश वर्मा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहें।

26-11-21

प्राचार्य
Govt. Rani Avantibai Lodhi College
GHUMKA, Distt Rajnandgaon (C.G.)
शास. रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, राजनांदगांव (छ.ग.)

प्राचार्य
शास. रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय
घुमका, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)


कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका

जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

Web Site www.rablcollege.ac.in Email : govt.collegeghumka@gmail.com Phone 07744-288915


## प्रेस विज्ञप्ति

# " घुमका कॉलेज में राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस का आयोजन हुआ "





घुमका :– शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका, जिला – राजनांदगाँव (छ.ग.) में दिनांक 10.12.2021 को राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। माननीय प्राचार्य डॉ. आई. आर. सोनवानी के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. वी. के. देवांगन, सहायक प्राध्यापक–समाजशास्त्र ने मानव अधिकारो के संरक्षण और संवर्धण की बात कही। इस अवसर पर श्री विनोद कुमार वर्मा, जनभागीदारी शिक्षक–हिंदी ने मानव अधिकार की विस्तृत जानकारी दी। श्री रितेश कुमार बंजारे, अतिथि व्याख्याता–इतिहास और स्वयंसेवकों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन पूर्व दलनायक श्री अनेश्वर कुमार लहरे ने किया। इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता वर्षा श्री देवानंद वन्धे, श्री रविप्रकाश चतुर्वेदी साहू, योगिता साहू और दलनायक सुरज पात्रे सहित 67 स्वयंसेवक उपस्थित रहें। कार्यक्रम के समापन में कार्यक्रम अधिकारी श्री एस. एन. कामड़ी, सहायक प्राध्यापक–प्राणीशास्त्र में अभार व्यक्त किया।

समाचार के रुप में प्रकाशनार्थ ।

10.12.21

प्राचार्य

शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय,

घुमका, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

प्राचार्य

शास. रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय

घुमका, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

प्राचार्य

शास. रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय

घुमका, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

विद्या विनय विवेक


# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका, जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

web site- www.rablcollege.ac.in Email : govt.collegeghumka@gmail.com Phone – 07744-288915


प्रेस विज्ञप्ति

## " घुमका कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न"

दिनांक 25.01.2022






घुमका :– शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका जिला – राजनांदगाँव (छ.ग.) में स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. के. देवांगन ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए मतदान अत्यंत आवश्यक है। आप सभी युवा है, अतः आप लोगों की इस दिशा में अधिक से अधिक नैतिक जिम्मेदारी है। फलस्वरूप अपने कर्त्तव्य का पालन करते हुए शत् प्रतिशत मतदान अवश्य करें। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी ने मतदान प्रक्रिया की समस्त बारीकियों को विस्तार पूर्वक समझाया तथा छात्र–छात्राओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समाधान भी किया। इस अवसर पर डॉ. बी. के. देवांगन ने **"मतदान हमारा अधिकार है"** इस बिन्दू को रेखाकिंत करते हुए विस्तार पूर्वक अपने विचार प्रस्तुत किये। डॉ. के. डी. देशलहरा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग की मंशा है कि शत् प्रतिशत मतदांन हो इस दिशा में आप सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें तथा आयोग द्वारा चलाये जा रहें कार्यक्रमों को जन–जन तक पहुचाने का कार्य करें। कार्यक्रम में प्रो. एस.एन.कामड़ी, प्रो. रोहन प्रसाद तथा श्री रविप्रकाश, श्री रितेश बंजारे, श्री उकेश कुमार साहू, श्री देवानंद बंधे आदि अतिथि व्याख्याता सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रीति खुरसैल सहायक प्राध्यापक–रसायनशास्त्र ने किया ।

प्राचार्य<br>
शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय,<br>
घुमका, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

प्राचार्य<br>
शास. रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय<br>
घुमका, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका,
## जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)


web site- www.rablcollege.com Email : govt.collegeghumka@gmail.com Phone – 07744-288915


दिनांक– 26/01/2022

## //प्रेस विज्ञप्ति//

### '' 26 जनवरी में घुमका महाविद्यालय गंणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन''





शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय, घुमका में गंणतंत्र दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.बी.के. देवागंन ने ध्वजारोहण किया। महाविद्यालय सभागृह में गंणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस कड़ी में सर्वप्रथम अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. रोहन प्रसाद ने गंणतंत्र दिवस की शुभकामनाओं के साथ सवंधिान के प्रस्तावना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। महाविद्यालय के कार्यलयीन स्टाफ सहायक ग्रेड–02 श्री दुर्गा प्रसाद चौधरी जी ने भारतवर्ष के विकास में संविधान की भूमिका के बारे में बताया। डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी जी ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी देश को विकास के दो पहलू है। सकारात्मक और नकारात्मक, हमें नकारात्मक पहलुओं को क्षुण्ण करते हुए देश की प्रगति में भागीदारी प्रदान करनी है। हमें तुष्टीकारण की राजनीति से दूर रहना है। डॉ.एस.एन. कामडी सहा. प्राध्यापक (जन्तुविज्ञान) ने अमृत महोत्सव के बारे में विस्तार से बताया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.बी.के. देवागंन सहा. प्राध्यपक (समाजशास्त्र) ने हमारे भारत वर्ष में गौरवशाली इतिहास को बताते हुए हमें शिक्षा के क्षेत्र में समाज को निरंतर आगे बढाना है यही हमारा दायित्व है। समरोह की इस कड़ी में आभार व्यक्त प्रो. श्रीमती प्रीति खुरसैल ने किया तथा सब को अपने कर्तव्यबोध का ज्ञान तथा महिला सशक्तिकरण में निरंतर प्रयासरत रहने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन डॉ.के.डी. देशलहरा (विभागाध्यक्ष हिन्दी) ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टॉफगण उपस्थित रहें।

प्राचार्य
शास. रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, राजनांदगाँव (छ.ग.)


प्राचार्य
शास. रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय
घुमका, जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका,
जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)
web site- www.rablcollege.ac.in Email : govt.collegeghumka@gmail.com Phone – 07744-288915

दिनाँक 08.03..2022

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## "घुमका महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया"





**घुमकाः–** शासकीय रानी अंवती बाई लोधी महाविद्यालय, घुमका में प्राचार्य डॉ. बी.के देवांगन के के निर्देशन में 08 मार्च 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इसके अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण विषय पर संगोष्ठी, निबंध लेखन एवं पोष्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.के.देवांगन ने महिलाओं को सशक्त एवं आगे बढ़ने के छात्र–छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होने बताया कि महिलाएँ देश के उच्च शिखारों पर पदस्त है। जो कि देश के सम्मान को बढ़ा रहे है।

कार्यक्रम का आयोजन श्री देवानंद बन्धे अतिथि व्याख्याता और श्रीमति वर्षा साहू अतिथि व्याख्याता ने सफलता पूर्वक किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. के.डी. देशलहरा ने किया। कार्यक्रम के अन्त में आभर प्रदर्शन प्रो. एस.एन. कामडी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाप एवं छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे।

(डॉ. बी.के. देवांगन)
प्राचार्य
शास. रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, राजनांदगांव (छ.ग.)

प्राचार्य
शास. रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय
घुमका जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

# INDEPENDENCE DAY PHOTO













(डॉ. बी. के. देवांगन)
प्राचार्य
शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

GOODWILL DAY PHOTO





रेड–रिबन क्लब के अंतर्गत प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण





(डॉ. बी. के. देवांगन)
प्राचार्य
शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

महाविद्यालय में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी







मतदाता जागरूकता कार्यक्रम







शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय, लाल बहादुर नगर, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

एवं

शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय, घुमका का **MoU** समझौता का ज्ञापन





# निजात कार्यक्रम







# रेड–रिबन कार्यक्रम





# विश्व एड्स दिवस पर संगोष्ठी कार्यक्रम






मानवाधिकार दिवस कार्यक्रम





सड़क सुरक्ष चैपिंयन कार्यक्रम




वृक्षारोपण कार्यक्रम





डॉ. आई. आर. सोनवानी, प्राचार्य का विदाई समारोह





रंगोली प्रतियोगिता शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में रंगोली प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कार्यक्रम का फोटोग्राफ्स





एम. ए. हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर का विदाई समारोह कार्यक्रम







(डॉ. बी. के. देवांगन)
प्राचार्य
शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, जिला—राजनांदगांव (छ.ग.)